किया है, लिहाजा यह कहना कि कब यह खत्म हो जायेगा, बहुत जल्दी है ।

**Shri Bhagwat Jha Azad:** May I know whether this Arbitrator would hear the arguments on the Government basis of meeting the officials and Ministers or sit like a court and hear arguments from professional lawyers on behalf of the Government?

**Shri Lal Bahadur Shastri:** That is going into too much detail. He will perhaps decide for himself. I do not think he is going to function there as a law court, but he will certainly meet the officials, non-officials and he might also visit the spot and meet the people there.

**Shri Basappa:** May I know whether the mediation of the Prime Minister in such matters is confined only to U.P. and Bihar or whether it will also be extended to Mysore and Maharashtra?

**Mr. Speaker:** That is a different thing.

**श्री भक्त दर्शन** : क्या मध्यस्थ को नियुक्त करने से पहले बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों की सरकारों की स्वीकृति ले ली गई है कि जो भी निर्णय दिया जाये, उसको वे मान लेंगे और उस पर अमल करेंगी ?

**श्री लाल बहादुर शास्त्री** : अगर ऐसा नहीं है तो उन्हें आर्बिट्रेशन की बात प्रधानमंत्री से कहनी ही नहीं चाहिये थी । जब यह कहा जाये कि आर्बिट्रेशन आप कर दें तो इसके जो फैसला होगा वह मान्य होगा ।

**Shri Jashvant Mehta:** What are the points of reference to this Aribitrator?

**Shri Lal Bahadur Shastri:** It is a long one. The terms of reference will be:

(1) Whether the principle of fixed boundaries between the aforesaid districts should be accepted? If so, whether they should be determined in the manner suggested at the 1952 Conference, or in a different way?

(2) If the principle of fixed boundaries is not advisable, what improvement should be made in the existing principle based on the deep-streams of the rivers Ganges and Ghagra?

(3) Whether, in the opinion of the Arbitrator, there can be any other solution to the question of the boundaries between the said districts? If so, what?

**श्री त्यागी** : इन दोनों गवर्नमैंट्स ने प्रधान मंत्री को मध्यस्थ स्वीकार किया था या उनके नामिनी को स्वीकार किया था ? प्रधान मंत्री जी ने क्या यह काम अपने ऊपर लिया था या यह कहा था कि वह कोई मुख्तयार नियुक्त कर दें अपनी तरफ से और उसको यह काम सौंप देंगे ?

**श्री लाल बहादुर शास्त्री** : जिस आदमी पर बहुत अधिक लोगों का विश्वास होता है वह अगर अपने काम में किसी की मदद ले ले तो वह भी विश्वास की बात है । उनको पूरा विश्वास है और इसको वे पसन्द करते हैं । फैसला तो प्राइम मिनिस्टर का होगा लेकिन जिस की मदद वह लेना चाहते हैं, लेते हैं ।

**उत्तर प्रदेश में रासायनिक उर्वरक कारखाना**

\+

*१५६७ { **श्री भक्त दर्शन** :
**डा० लक्ष्मीमल्ल सिंघवी** :

क्या **इस्पात और भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार उत्तर प्रदेश में मथुरा व आगरा के बीच एक रासायनिक उर्वरक कारखाना स्थापित करने का विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उसकी लागत, उत्पादन-क्षमता, तथा उसकी स्थापना करने वाली फर्म का ब्योरा बताने वाला एक विवरण

सभा पटल पर रखा जायेगा ; और

(ग) उस कारखाने की स्थापना में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

**इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय में उपमंत्री (श्री प्र० चं० सेठी)** : (क) से (ग). सरकार का मथुरा और आगरा के बीच सरकारी क्षेत्र में एक रासायनिक उर्वरक कारखाना स्थापित करने का कोई विचार नहीं है । ताहम ऐसा कारखाना स्थापित करने के लिये निजी क्षेत्र मे कुछ प्रस्थापनायें प्राप्त हुई हैं जो विचाराधीन हैं ।

**श्री भक्त दर्शन** : मै यह जानना चाहता हूं कि कौन ऐसी संस्थायें या व्यक्ति हैं जिन्होंने इस तरह के कारखाने को स्थापित करने का प्रस्ताव रक्खा है, और क्या यह सत्य है कि उन का समर्थन उत्तर प्रदेश की सरकार ने कि.. है ?

**श्री प्र० चं० सेठी** : जी हां, उत्तर प्रदेश की सरकार ने समर्थन किया है । दो व्यक्तियों की दर्ख्वास्तें थीं, मेसर्स बिड़ला ग्वालियर (प्राइवेट) लिमिटेड और मेसर्स हिन्दुस्तान फर्टिलाइजर मिलिटेड । उत्तर प्रदेश सरकार ने मेसर्स बिड़ला ग्वालियर (प्राइवेट) लिमिटड को रिकमेन्ड किया है ।

**श्री भक्त दर्शन** : इस सम्बन्ध में कब तक अन्तिम निर्णय हो जाने की आशा की जाती है, और कब तक यह फैक्ट्री चालू हो सकेगी ?

**श्री प्र० चं० सेठी** : जैसा अब से पूर्व बतलाया गया, मामला अभी विचाराधीन है ।

**Dr. L. M. Singhvi:** What is the proposed size of the factory in the framework of the Plan?

**The Minister of Steel and Heavy Industries (Shri C. Subramaniam):** In the private sector for which recommendation has been made, the final proposal is to have 68,000 tons of nitrogen and 72,000 tons of $P_2O_5$.

**Shri P. Kunhan:** May I know whether the Government have received any representation from other States like Kerala for the establishment of a fertiliser factory in the Third Plan?

**Mr. Speaker:** That is not relevant here. Next question.

### Medical Graduates

***1598. Shri Bibhuti Mishra:** Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government are considering a scheme for the medical graduates to work in the rural areas for a certain period just after getting their degrees; and

(b) if so, the details thereof?

**The Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs (Shrimati Chandrasekhar):** (a) and (b). The question is under consideration.

**श्री विभूति मिश्र** : मैं जानना चाहत हूं कि अगर यह मामला अभी विचाराधीन है तो सरकार किस बात पर विचार कर रही है ?

**अध्यक्ष महोदय** : आप ने जो बात पूछी उस पर विचार हो रहा है, फिर आप कहते हैं कि किस बात पर विचार हो रहा है ।

**श्री विभूति मिश्र** : कहा गया कि मामला विचाराधीन है तो विचाराधीन कौन कौन सी खास बातें हैं जिन की तरफ सरकार का दिमाग खिंच गया है ?

**Shrimati Chandrasekhar:** Examination has been finished with the State Governments. We are now considering amongst ourselves whether this would be feasible or desirable.

**श्री विभूति मिश्र** : क्या यह सही नहीं है कि आज कल मेडिकल कालेज में ग्रेजुएट होने में पांच साल लगते हैं? अब मान लीजिये